अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

11 MARCH 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **नीता अंबानी को ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड से नवाजा गया**



- रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी (Nita Ambani) को बीते शनिवार को 71वें मिस वर्ल्ड फिनाले में 'ब्यूटी विद ए पर्पस ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया.
- उन्हें यह पुरस्कार उनके परोपकारी कार्यों के लिए दिया गया है. रविवार को नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर नीता अंबानी का अवॉर्ड के साथ एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्हें दिए गए अवॉर्ड के बारे में जानकारी दी गई.
- यह अवॉर्ड उन्हें मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन की चेयरपर्सन और CEO जूलिया मॉर्ले ने दिया।
- साथ में होस्ट करण जौहर भी मौजूद रहे।
- रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी (Nita Ambani) को बीते शनिवार को 71वें मिस वर्ल्ड फिनाले में 'ब्यूटी विद ए पर्पस ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया. उन्हें यह पुरस्कार उनके परोपकारी कार्यों के लिए दिया गया है.

2. **केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने 5वें ONGC पैरा गेम्स का उद्घाटन किया**




- ट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 8 मार्च को ONGC पैरा गेम्स का उद्घाटन किया।
- यह ONGC पैरा गेम्स का पांचवां संस्करण है।
- यह पैरा गेम्स 10 मार्च, 2024 तक चलेगा।
- 5वें ONGC पैरा गेम्स में कुल 371 एथलीट भाग लेंगे, जिसमें विभिन्न खेल विधाओं में 249 ONGC खिलाड़ी सक्रिय रूप से भाग लेंगे।
- इस पैरा गेम्स में ONGC, IOCL, BPCL, HPCL, EIL, OIL, और GAIL सहित विभिन्न तेल एवं गैस सार्वजनिक उद्यमों के एथलीट भाग लेंगे।
- ये एथलीट एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और व्हीलचेयर रेसिंग जैसी खेल प्रतियोगिताओं में एक-दूसरे को टक्कर देंगे।
- ONGC का पूरा नाम आयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन है।
- इसकी स्थापना 14 अगस्त, 1956 को हुई थी।
- भारत ने टोक्यो पैरा ओलिंपिक 2020 में कुल 19 मेडल (5 गोल्ड, 8 सिल्वर और 6 ब्रांज मेडल) के साथ अपनी छाप छोड़ चुका है।
- इसके अलावा, चीन के हांगझू में आयोजित एशियाई पैरा गेम्स 2023 में, भारत ने 111 मेडल (29 गोल्ड, 31 सिल्वर और 51 ब्रांज मेडल) जीता था।

3. **भारत को मिला 'खसरा और रूबेला चैंपियन' पुरस्कार**



- भारत को 'खसरा और रूबेला चैंपियन'पुरस्कार दिया गया है।
- अमेरिका स्थित रेड क्रॉस मुख्यालय में दी मीजल्स एंड रूबेला पार्टनरशिप द्वारा आयोजित समारोह में भारत को प्रतिष्ठित मीजल्स एंड रूबेला चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- भारत को यह पुरस्कार खसरा और रूबेला रोग की रोकथाम में अनुकरणीय प्रयासों के लिए दिया गया है।
- तमाम प्रयासों के परिणामस्वरूप देश के 50 जिलों में लगातार खसरे का कोई मामला सामने नहीं आया है।
- वहीं, 226 जिलों में पिछले 12 महीनों में रूबेला का कोई मामला सामने नहीं आया है।
- खसरा और रूबेला वैक्सीन से रोके जाने वाली बीमारियां (VPD) हैं और एमआर वैक्सीन 2017 से भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा है।

4. **सबसे बड़े युद्धाभ्यास 'भारत-शक्ति' में शामिल होंगी तीनों सेनाएं**



- राजस्थान के जैसलमेर जिले में स्थित एशिया की सबसे बड़ी फील्ड फायरिंग रेंज में भारत की तीनों सेनाएं सबसे बड़ा 'भारत-शक्ति' युद्धाभ्यास करने जा रही हैं।
- 12 मार्च से शुरू हो रहा भारत शक्ति एक प्रमुख त्रि-सेवा अभ्यास है, जिसमें थल सेना, वायु सेना और नौसेना देश में निर्मित हथियारों की क्षमता का प्रदर्शन करेंगी।
- भारत-शक्ति युद्धाभ्यास में सिर्फ स्वदेशी तरीके से विकसित किए गए वेपन प्लेटफॉर्म और सिस्टम को शामिल किया जाएगा।
- इस युद्धाभ्यास में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान समेत तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे।

**5. प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में पहले राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार किए प्रदान**




- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 मार्च 2024 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार प्रदान किया।
- पहली बार शुरू किये गये इस पुरस्कार का उद्देश्य देश की सृजनात्मक प्रतिभाओं का सम्मान करना है।
- यह पुरस्कार 20 श्रेणियों में दिया जाएगा, जिनमें सर्वश्रेष्ठ कहानीकार, विध्वंसक, सेलिब्रिटी निर्माता, हरित चैंपियन, सामाजिक परिवर्तन के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्माता, सबसे प्रभावशाली कृषि निर्माता, सांस्कृतिक राजदूत, सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता, स्वच्छता राजदूत, न्यू इंडिया चैंपियन, तकनीकी निर्माता हेरिटेज फैशन, सर्वाधिक रचनात्मक रचनाकार (पुरुष और महिला), खाद्य श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ रचनाकार, शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ रचनाकार और अंतर्राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कारशामिल हैं।
- उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स से भारत की कहानियों, संस्कृति, विरासत और परंपराओं को पूरी दुनिया के साथ साझा करने के लिए 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने का आह्वान किया।

**6. मिस चेक रिपब्लिक बनीं मिस वर्ल्ड: मिस लेबनान फर्स्ट रनर अप रहीं**



- मिस वर्ल्ड-2023 का खिताब चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिजकोवा ने जीत लिया है।
- वहीं, मिस लेबनान यास्मीना जेतून फर्स्ट रनर अप रहीं।
- इवेंट में 112 देशों की कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया था।
- यह इवेंट मुंबई के फेमस जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में हुआ।
- 100 से ज्यादा देशों में फिनाले का लाइव प्रसारण किया गया।

**7. आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति बने**



- पाकिस्तान में आज राष्ट्रपति पद के चुनाव में आसिफ अली जरदारी ने जीत हासिल की है।
- जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति बन गए हैं।
- उन्होंने इमरान खान के कैंडिडेट महमूद खान अचकजई को 230 वोटों से हराया।
- जरदारी को 411 वोट मिले, जबकि अचकजई सिर्फ 118 वोट हासिल कर पाए।

**8. आशा लकड़ा को 'राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग' का सदस्य नियुक्त किया**



- बीजेपी की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का सदस्य बनाया गया है.
- इसकी अधिसूचना शनिवार को जारी की गयी. आशा लकड़ा रांची की पूर्व मेयर हैं.
- इनकी कार्यकुशलता व सक्रियता को देखते हुए इन्हें आयोग का सदस्य बनाया गया है.
- **'राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग'**
- NCSC एक संवैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना शोषण के खिलाफ अनुसूचित जातियों को सुरक्षा प्रदान करने और उनके सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक हितों को बढ़ावा देने एवं उनकी रक्षा करने के लिये की गई थी।

**9. राजस्थान के बीकानेर से प्रारंभ होगा 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान अभियान'**



- भारतीय गणतंत्र के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान अभियान' 9 मार्च 2024 को राजस्थान के बीकानेर में आरंभ होगा।
- कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मणिन्द्र मोहन श्रीवास्तव और राजस्थान के कानून मंत्री जोगा राम पटेल इस अभियान में भाग लेंगे।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित सिद्धांतों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करना और हमारे देश को बांधने वाले साझा मूल्यों का जश्न मनाना है।
- यह नागरिकों को हमारी लोकतांत्रिक यात्रा में सार्थक रूप से शामिल होने और उन्हें उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में ज्ञान देकर सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करेगा।

**10. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 'कृषि सखी अनुकूलन कार्यक्रम' सहित पोर्टल किया प्रारंभ**




- केन्द्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने नई दिल्ली में 'कृषि सखी अनुकूलन कार्यक्रम' का 'उद्घाटन किया। यह कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है।
- श्री गिरिराज सिंह ने कहा कि कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम को कृषि सखियों को पैरा- एक्सटेंशन वर्कर्स के रूप में प्रमाणित करने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मृदा स्वास्थ्य को महत्व दे रही है।
- कृषि सखियाँ राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ), जैव संसाधन केंद्र, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और कई अन्य योजनाओं को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. हाल ही में किसको ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड से नवाजा गया इवेंट के दौरान ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड से नीता अंबानी को नवाजा?**

(a) नीता अंबानी
(b) रतन टाटा
(c) गौतम अडानी
(d) इनमे से कई नही

**2. किसके द्वारा 5 वे ONGC para games का उद्घाटन किया है?**

(a) नरेंद्र मोदी
(b) अमित शाह
(c) हरदीप सिंह पुरी
(d) द्रौपदी मुर्मु

**3. खसरा और रुबेला चैंपियन पुरुस्कार किस देश को दिया गया है?**

(a) भारत
(b) अमेरिका
(c) चीन
(d) जापान

**4. सबसे बड़ा युद्धाभ्यास भारत शक्ति में कितनी सेनाएं शामिल होंगी?**

(a) 2
(b) 3
(c) 4
(d) 5

**5. हाल ही में नई दिल्ली में पहले राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार किसने प्रदान किए है?**

(a) राष्ट्रपति
(b) रक्षामंत्री
(c) उपराष्ट्रपति
(d) प्रधानमंत्री

**6. मिस वर्ल्ड-2023 का खिताब किसने जीत लिया है?**

(a) मिस सोफ़िया
(b) क्रिस्टीना पिजकोवा
(c) यास्मीना जेतून
(d) इनमे से कोई नहीं

**7. पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति कौन बने हैं?**

(a) नवाज शरीफ
(b) इमरान खान
(c) आसिफ अली जरदारी
(d) राज सादिक

**8. हाल ही में किसे 'राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग' का सदस्य नियुक्त किया गया है ?**

(a) प्रदीप वर्मा
(b) आशा लकड़ा
(c) सीपी सिंह
(d) इनमें से कोई नहीं

**9. 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान अभियान' कहाँ प्रारंभ होगा?**

(a) बीकानेर
(b) चंडीगढ़
(c) अहमदाबाद
(d) पुणे

**10. हाल ही में 'कृषि सखी अनुकूलन कार्यक्रम' किसने प्रारंभ किया है?**

(a) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
(b) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(c) सहकारिता मंत्रालय
(d) a और b दोनों

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (c) | (a) | (b) | (d) | (b) | (c) | (b) | (a) | (a) |